तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

10 श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव



10 गर्मी से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध करें: एडीसी



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत

**जींद।** बरसोला स्टेशन के पास मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे शिनाख्त हो सके। एचसी जितेंद्र सिंह ने कहा कि मृतक ने सफेद रंग की कमीज, काली रंग की पेंट सैंडल पहने हुए हैं। शिनाख्त के लिए शव को 72 घंटे के लिए सिविल अस्पताल नरवाना के शव गृह में रखा है।

### नकदी-आभूषण चोरी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में आरोपी गांव झोजापुर जिला गिनोर यूपी निवासी प्रवेश कुमार, नवजीशपुर जिला बिजनौर यूपी निवासी रवि राज उर्फ सोनु व गांव बहरा जिला गिनोर यूपी निवासी पप्पु उर्फ पाली को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।

### 851 ग्राम गांजा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने विकास नगर में दुकान बाहर गांजा बेच रहे व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 851 ग्राम गांजा बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि विकास नगर निवासी सुखबीर मकान के सामने नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

### अपहरण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अपहरण के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस के एसआई कर्मबीर सिंह की टीम द्वारा करते डाहोला निवासी नरेंद्र, अफगान पट्टी निवासी संजीव व डिफेंस कालोनी निवासी अनिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी असमीता की शिकायत अनुसार पति राहुल व देवर साहिल का उपरोक्त आरोपियों के साथ पैसों का लेनदेन बकाया था।

### झांसे में दे युवती का यौन शोषण करने पर केस दर्ज

**जींद।** युवती को प्यार का झांसा दे करनाल होटल में दुष्कर्म करने पर घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ यौन शोषण करने का मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर करनाल पुलिस को भेज दी है।

### सबमर्सिबल के तार चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी करने के मामले में थाना चीका पुलिस के एचसी राजेश कुमार द्वारा आरोपी गुहला निवासी गोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बदसुई निवासी जगमैल सिंह की शिकायत अनुसार उसके खेत से 22 अप्रैल की रात को अज्ञात खेत कोठा का कुन्डा तोड़ सबमर्सीबल की तार चोरी करके भाग रहा था।

### बाइक सवार ने महिला से नगदी व फोन छीना

**जींद।** लोको कालोनी रेलवे विश्राम गृह के पास बाइक सवार ने एक महिला से पॉलीथिन छीन लिया। जिसमें 1500 रुपये की नगदी तथा फोन था। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जलालपुरा कलां निवासी मुन्नी बाई ने पुलिस को शिकायत दी है।

### सटोरिया दबोचा, 2720 रुपये की नकदी बरामद

**कैथल।** थाना शहर पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 2720 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की चंदाना गेट कैथल स्थित दशहरा ग्राउंड के पीछे एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### व्यापारी जिम्मेदारी लेने से काट रहे कन्नी, अधिकारी जिम्मेदारी व्यापारियों की बता रहे

# कैथल में भीगा खुले में पड़ा करोड़ों का अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में मंगलवार दोपहर आई बरसात के कारण कैथल जिले की अनाज मंडियों में पड़ा करोड़ों रुपये का गरीबों का निवाला भीग गया। ऐसे में इस गेहूं के खराब होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। गेहूं को भीगने से बचाने को लेकर जहां व्यापारी जिम्मेदारी लेने से कन्नी काट रहे हैं तो वहीं अधिकारी इसकी जिम्मेवारी व्यापारियों पर बता रहे हैं। भले ही कोई जिम्मेदारी ले या न ले लेकिन इस कारण गरीबों का निवाला खराब होता स्पष्ट दिखाई दे रहा है। हैरत की बात यह भी देखने में आई कि बरसात बंद होने के बावजूद गेहूं की बोरियां के नीचे जमा पानी को किसी ने निकालने की जहमत नहीं उठाई। बता दें कि इस समय कैथल की अनाज मंडियों में अब तक 6 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से खरीद एजेंसियों द्वारा मात्र 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं का ही उठान किया गया है। शेष गेहूं अभी तक अनाज मंडियों में ही पड़ा है। यही नहीं गेहूं की आवक अधिक होने के कारण गेहूं शेड के बाहर खुले आसमान के नीचे लगाया गया है। ऐसे में बरसात के कारण अधिकतर गेहूं गीला हो गया। बता दें कि जिला प्रशासनिक अधिकारी विकास गुप्ता ने हाल ही में कैथल की अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर संबंधित एजेंसी को गेहूं का उठान तेजी से करने तथा धीमे उठान को लेकर कड़े आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद एजेंसियों द्वारा अभी तक उठान में कोई तेजी नहीं देखी गई। इसी का नतीजा मंगलवार को देखने को मिला जब मंडियों में ढेरियों तथा बोरियों में पड़े गेहूं के नीचे से पानी जमा हो गया।

आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो सोमवार तक कुल 5 लाख 59 हजार 157 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 1 लाख 56 हजार 944 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 2 लाख 49 हजार 518 हैफेड द्वारा, एफसीआई द्वारा 34 मीट्रिक टन तथा 1 लाख 52 हजार 661 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयर-हाउसिंग कोपोरेशन द्वारा खरीदा गया है। खरीदे गए गेहूं में से 2 लाख 34 हजार 525 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।



**कैथल।** अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं व मंडी में गेहूं के बैगों के नीचे पानी।



#### कब तक गेहूं की संभाल करेंगे

खरीद एजेंसी अधिकारियों का कहना है कि जब तक गेहूं का उठान होकर गोदाम तक नहीं पहुंच जाता तब तक इसके संभालने की जिम्मेवारी संबंधित आढ़ती की होती है तो वहीं आढ़तियों का कहना है कि एजेंसी का उठान में 10-10 दिन का समय लग रहा है। ऐसे में वे कब तक गेहूं की संभाल करेंगे।

### मौसम के बिगड़े तेवरों से धरतीपुत्रों के माथे पर उभरी चिंता की लकीरें

## बूंदाबांदी ने गेहूं कटाई-कढ़ाई पर लगाए ब्रेक

- खेत खलिहान से मंडियो तक फैली हुई गेहूं की फसल और चरम पर है सीजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में मौसम परिवर्तनशील होने के चलते मंगलवार को दिनभर उतार चढ़ाव बना रहा। बादलों और सूरज के बीच अटखेलियों का दौर चलता रहा। दोपहर बाद जुलाना सहित्म कुछ स्थानों पर बारिश हुई तो कुछ स्थानों पर गरज तथा चमक के साथ फुहारों के रूप मे बूंदाबांदी भी हुई। जिससे मौसम सुहाना बना रहा। जिसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। वहीं मंडी में खुले में रखी गेहूं की बोरियां व किसानों का पीला सोना भी भीग गया। काफी देर तक फुहारों के रूप में हुई बूंदाबांदी ने गेहूं कटाई तथा कढ़ाई के कार्य पर भी ब्रेक लगा दिए। मौसम के तेवर बदलने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखने को मिली। आकाश में घुमड़ते बादलों से बिारश के आसार भी बने रहे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 20 प्रतिशत तथा हवा कि गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। जिसके साथ तापमान मे भी बढोत्तरी होगी। मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। मंगलवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। सुबह नरवाना इलाके में हलकी बारिश तो दोपहर बाद जिले में बूंदाबांदी भी हुई। दिन चढ़ने के साथ बादल हलके हो गए। सूरज भी गरम होता चला गया। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश में बादल छा गए। जिसके साथ हवा की गति भी तेज हो गई और फुहारों के रूप में बूंदाबांदी शुरू हो गई। यह सिलसिला काफी देर तक जारी रहा।

जुलाना में हलकी बारिश दर्ज की गई। जिसके चलते अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम सुहाना बना रहा। जिसने मौसम के गरम होते मिजाज से कुछ राहत दी। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे।





**जींद।** बदले मौसम के बीच खेत में मौजूद किसानों का पीला सोना व बारिश के चलते मंडी में भीगी खुले में रखी गेहूं की बोरियां। *फोटो :हरिभूमि*

#### मौसम परिवर्तनशील

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। जिसके चलते उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। आकाश में बादलवाई भी दिखाई देगी ओर तापमान में इजाफा भी होगा।

## वर्क वीजा पर दो युवकों को न्यूजीलैंड भेजने का झांसा दे हड़पे साढ़े 27 लाख

- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विदेश में वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर दो युवकों से साढ़े 27 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने पीड़ित युवकों की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सेढामाजरा निवासी गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। जिसके बारे में उसने अपने दोस्त गांव पालवां निवासी अमरजीत से बात की। वह भी विदेश जाने का इच्छुक था। अमरजीत ने बताया कि पेहवा निवासी मनोज व उसके दोस्त लाडी व कर्ण ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। तीनों से मिलने पर उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई तथा रोजगार के दोनो वीजा लगवाते हैं। चंडीगढ़ में उनका साथी गुरप्रीत कार्यालय चलाता है। पहले वीजा लगवाते हैं, बाद में रुपये लेते हैं। विश्वास होने पर उन्होंने असल दस्तावेज आरोपितों को दे दिए गए। फिर वीजा लगवाने के लिए 50 हजार रुपये उनसे ने लिए गए। जिसके बाद से दोनों मनोज के संपर्क मे बने रहे। कुछ समय के बाद अमरजीत ने बताया कि आस्ट्रेलिया के लिए लगाई गई फाइल रिफ्यूज हो गई। कुछ दिन के बाद उनके पास संदेश आया कि न्यूजीलैंड का वीजा लग गया है। राशि को तैयार रखें। दिल्ली में उनका होटल बुक तथा एयर टिकट करवा दी गई है। वे दिल्ली आकर उन्हें दस्तावेज दे देंगे। पांच फरवरी को मनोज गांव पालवा आया उससे 16 लाख व अमरजीत से 11 लाख रुपये ले लिए।

### सोंगल में लाइनमैन ने फंदा लगाकर दी जान

**कैथल।** जिले के गांव सोंगल सोंगल के खेतो में 32 वर्षीय व्यक्ति ने पेड़ पर फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक की पहचान गांव किठाना के 32 वर्षीय जयदीप के रूप में की गई है। जयदीप बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर गांव पाई में तैनात था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में पेड़ पर एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद राहगिरों व आसपास के लोगों से जब उसकी पहचान करवाई गई तो वह गांव किठाना का जयदीप मिला। फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल भेज दिया है।

## कैंसर मरीज के नाम पर ५२ लाख का लोन हड़पा

- मरीज की मौत के बाद लिया लोन, गारंटर के हस्ताक्षर भी किए फर्जी
- किस्त नहीं चुकाने पर मिला नोटिस,फूटा फर्जीवाड़े का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फर्जी गारंटर बना कैंसर पीड़ित के नाम से मशीनरी के नाम पर लगभग 52 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि लोन भी कैंसर पीड़ित की व्यक्ति की मौत के बाद उसके फर्जी हस्ताक्षर किए गए। फर्जीवाड़े के खेल में बैंक कर्मी भी शामिल रहे। मामले का खुलासा होने के बाद शहर थाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर कुछ बैंक कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

शीतलपुरी कालोनी निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिविल ठेकेदार है। उसका बड़ा भाई स्व. राजेश गांव देवरड़ में शादीशुदा है। मई 2023 मे उसके भाई का साला शत्रुघन तथा रामेहर व एक अन्य व्यक्ति के साथ घर पर आया था। मशीन लोन के लिए उसके गारंटर के लिए दस्तावेज ले लिए। उन्हें बैंक कर्मी को साथ लेकर आने के बात कही थी। दोबारा वे लोग नही आए। नौ अक्टूबर 2023 को उसके फोन पर केस होने का संदेश आया। जिसमें उसे गारंटर के तौर पार्टी बनाया गया। जब उसने रामेहर से पूछा तो उसने बताया कि लोन उसके कैंसर पीड़ित भाई रमेश के नाम पर लिया गया था। जब उसने बिना हस्ताक्षर के गारंटर बनाने के बारे में पूछा तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। जिस पर उसने आइडीएफसी बैंक रोहतक जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि लोन सुरेंद्र व रामेहर की मार्फत हुआ है। कागजातों को बैंककर्मी प्रवीण तथा बैंक मैनेजर ने तैयार किया है। जब उसने दस्तावेजों को निकलवाया तो आवेदन तथा एग्रीमेंट पर उसके गारंटर के तौर पर फर्जी हस्ताक्षर थे। जिस कैंसर पीड़ित रमेश के नाम पर लोन लिया गया था उसकी मौत 21 मई 2023 को हो गई थी।

### तहसीलदार की गाड़ी का चालान



**गुहला-चीका।** यातायात पुलिस ने चीका कस्बा में गाड़ी पर लाल बती लगाने पर उसका 1500 रुपये का चालान किया है। गाड़ी तहसीलदार के पिता की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुसार यातायात पुलिस को एक निजी गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जब जांच की तो यह सूचना सही मिली। हालांकि चालान होने के बाद तहसीलदार ने गाड़ी से तुरंत लाल बत्ती हटा ली। यातायात पुलिस ने जिस गाड़ी का चालान किया है। वह तहसीलदार के पिता के नाम पर पंजीकृत थी। यातायात पुलिस ने तहसीलदार के पास लाल बत्ती लगाने की अनुमति न होने पर उन्हें दोबारा गाड़ी पर बत्ती न लगने के लिए भी निर्देश दिए। सोमवार को गुहला में नए आए तहसीलदार मनोज मलिक ने नियुक्ति ली थी। जिस गाड़ी में पहुंचे थे। उस पर लाल बत्ती लगी थी। लोगों ने शिकायत यातायात प्रभारी रमेश चंद को की। इसके बाद यातायात पुलिस की टीम गुहला में तहसीलदार के सरकारी निवास पर पहुंची। उन्हें वहां पर लाल बत्ती लगी गाड़ी खड़ी मिली। इसके बाद यातायात पुलिस पुलिस ने तुरंत गाड़ी के मालिक को सूचित किया।

## बसें न रूकने से विद्यार्थी परेशान

- हिसार-चंडीगढ़ हाइवे पर छात्रों ने पांच प्राइवेट बसों को दो घंटे रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जाजनवाला के छात्रों ने बस अड्डे पर बसें न रूकने से खफा होकर मंगलवार सुबह हिसार-चंडीगढ़ मार्ग पर पांच प्राइवेट बसों को रोक लिया। छात्रों का कहना था कि बसें न रूकने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राइवेट बसों को छात्रों द्वारा सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और कर्मी की डयूटी लगाने का आश्वासन देकर रोकी गई बसों को गंतव्य की तरफ रवाना किया गया। लगभग दो घंटों तक बस रोक जाने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा।

गांव जाजनवाला के छात्रों का बुधवार को सुबह उस समय धैर्य दे गया। जब काफी देर तक हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर चलने वाली बसें नही रूकी। छात्रों ने हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर वहां से गुजरने वाली पांच प्राइवेट बसों को रोक लिया। छात्रों का कहना था कि नेशनल हाइवे होने के कारण लंबे रूट की बसें यहां पर नही रूकती हैं। जो रूट पर लोकल प्राइवेट बस चलती है, वे चालक भी बसों को बिना रोके निकाल कर ले जाते है।



**जींद।** छात्रों को समझाते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*




**कैथल।** धरने के दौरान रोष प्रकट करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### कॉलेज बनाओ सीवरेज हटाओ समिति का धरना जारी

**राजौंद।** कालेज बनाओ सीवरेज हटाओ का धरना 89वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता बलवंत शर्मा रोहेड़ा ने की। संघर्ष समिति के प्रधान राकेश राणा व प्रवक्ता काका राणा ने कहा कि अगर 30 अप्रैल तक उनकी कालेज की मांग पूरी नही होती तो एक मई को 30 गांवों में एक हजार से भी 'यादा ट्रैक्टरों की रैली निकालकर रोष प्रकट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद सरकार से कोई बात नहीं की जाएगी बल्कि जब यह सरकार बदलेगी उसके बाद नई सरकार से लड़कियों कॉलेज बस स्टैंड के सामने बनाने के लिए मांग रखी जाएगी। राकेश राणा ने कहा कि एक मई को ट्रैक्टर रैली 30 गांव से होकर गुजरेगी उसके लिए पुरजोर तैयारी की जा रही है। रैली को लेकर संघर्ष समिति के सदस्य गांव गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे है और लोगों ने समिति के सदस्यों को विश्वास दिलाया की वह कालेज बनाने की इस मांग के लिए उनके साथ है। इस दौरान समिति सचिव जयपाल राणा ने कहा कि भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी नवीन जिंदल व किसी भी अन्य भाजपा नेता को राजौंद में नही घुसने दिया जाएगा। इसके लिए चाहे उन्हें कोई भी कीमत चुकानी पड़े वह पीछे नही हटेंगे। इस दौरान नरेंद्र चावला, बंटी शर्मा, हरपाल राणा, केहरा बाबा, कुलदीप फौजी, एडवोकेट मुकेश राणा आदि मौजूद रहे।

### नशा तस्कर काबू, 470 गांजा फूल पत्ती बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल ने शहर क्षेत्र से नशा तस्कर को 470 गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिन्द्र सिंह की टीम जींद रोड़ कैथल मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि सैन्सी बस्ती कैथल निवासी अंकुश काफी समय से घर के आसपास क्षेत्र में गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता हैं। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपी को गांजा फूल पत्ती सहित काबु किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए जाखोली अड्डा पर खड़े संदिग्ध अंकुश को काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे एफएसओ कैथल डा. अमित कुमार के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 470 गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे चौकी अनाज मंडी पुलिस से एएसआई जगबीर सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पांच हजार कार्ड मुख्यालय से मिले, 80 कार्ड जरूरतमंदों को दिए

# बस में फ्री यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड मिलने शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज में मुफ्त यात्रा को लेकर हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के तहत पात्र लोगों को हैप्पी कार्ड मिलने शुरू हो गए हैं। फिलहाल अब तक 80 कार्ड कार्ड पात्रों को दिए जा चुके हैं और बाकी पात्रों को भी मोबाइल पर मैसेज भेजे जा रहे हैं ताकि वह अपने-अपने हैप्पी कार्ड रोडवेज विभाग के पास से आकर ले और यात्रा का लाभ उठाएं। जींद डिपो के पास अभी लगभग पांच हजार कार्ड मुख्यालय की तरफ से भेजे गए हैं। इस योजना के तहत एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य हर साल हरियाणा रोडवेज की बसों में एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। लाभार्थी परिवार के सदस्यों को कार्ड जारी किए जाएंगें। जिसे दिखा कर वह यात्रा कर सकते हैं। यह स्मार्ट कार्ड सीधे ई-टिकटिंग प्रणाली से कनेक्ट होंगे। परिचालक द्वारा कार्ड दिखाने के बाद पात्र लाभार्थी को जीरो बेलेंस की टिकट जारी की जाएगी। गौरतलब है कि जिस भी परिवार की आय परिवार पहचान पत्र में एक लाख रुपये से कम है, वह अपना हैप्पी कार्ड का रजिस्ट्रेशन अटल सेवा केंद्र पर जाकर विभागी साइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं।

जब हैप्पी कार्ड एक्टिवेट होने का मैसेज लाभार्थी के फोन पर आएगा तो वह बस स्टैंड परिसर में आकर अपना कार्ड ले सकता है। अभ्यार्थी को रजिस्ट्रेशन करवाते समय दिया गया रजिस्ट्रेशन नंबर साथ लेकर आना होगा। अभ्यार्थी को रजिस्ट्रेशन करवाते समय दिए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। हैप्पी कार्ड जिस भी व्यक्ति का होगा, उसका आधार कार्ड, फैमिली आईडी, पैन कार्ड आदि दस्तावेज चेक करने के बाद ही रोडवेज कर्मचारियों द्वारा कार्ड दिया जाएगा। हैप्पी कार्ड परिवार के प्रत्येक सदस्य का अलग बनेगा। कार्ड के लिए आवेदक को 50 रुपये शुल्क के रूप में देने होंगे।



**शुरू हो गए हैं हैप्पी कार्ड मिलने :** शर्मा :रोडवेज के एसएस नरोत्तम शर्मा ने बताया कि जिस लाभार्थी के मोबाइल पर हैप्पी कार्ड एक्टिवेट शुरू होने का संदेश आएगा तो वह बस स्टैंड परिसर में आकर अपना कार्ड ले सकता है। दस्तावेजों की जांच के बाद कर्मचारियों द्वारा कार्ड दिए जा रहे हैं। सरकार द्वारा एक लाख से कम आय वाले परिवारों के लिए हैप्पी कार्ड की योजना शुरू की गई हैए जिसके तहत हैप्पी कार्ड मिलना शुरू हो गए हैं।

### दिल्ली के व्यापारियों ने कर्मी के साथ की मारपीट

**जींद।** पालिका बाजार के निकट दिल्ली के व्यापारियों द्वारा मारपीट करने पर रोष जताया है। पालिका बाजार स्थित दीक्षा इंटरप्राइजिज के मालिक मनोज जैन ने बताया कि वह एलईडी लाइट का कार्य करता है। उसका दिल्ली की एक कंपनी के साथ व्यापार चल रहा है और उसकी रिप्लेसमैंट का इश्यू था। गत 18 अप्रैल को दिल्ली के व्यापारी सौरभ गुप्ता, दीपक गोयल और अन्य एक अज्ञात उसके प्रतिष्ठान पर आए और उसकी दुकान पर काम करने वाले कपूर के साथ मारपीअ की। इस दौरान धमकी भी दी गई। 112 नंबर हैल्पलाइन पर फोन करके पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुँची लेकिन तब तक तीनों आरोपित भाग चुके थे। प्रतिष्ठान पर हुए कैमरे की तार तोड़ने से पहले सीसी टीवी कैमरे में हुई सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### जजपा एससी सेल की प्रदेशस्तरीय बैठक आज

**उचाना।** शहर के रजबाहा रोड स्थित जेजेपी कार्यालय पर बुधवार को जेजेपी की एससी सेल की प्रदेशस्तरीय मीटिंग होगी। एससी सेल के प्रदेश प्रधान महासचिव सूरजमल ग्रोवर, जिला महासचिव नरेंद्र खापड़ ने बताया कि एससी सेल प्रदेशाध्यक्ष रमेश खटक, प्रदेश प्रभारी प्रीतम कौलेखां सहित प्रदेश पदाधिकारी इस मीटिंग में पहुंचेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर मीटिंग में चर्चा की जाएगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर संकीर्तन का आयोजन

**जींद** । हनुमान जन्मोत्सव पर फर्नीचर एसोसिएशन के सदस्य जसवंत लाठर द्वारा भिवानी रोड संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं हनुमान जी के भजनों पर जमकर थिरकी। इस समारोह में नगर परिषद की चैयरमेन अनुराधा सैनी, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल आदि अतिथिगण के तौर पर उपस्थित हुए।

### विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में हनुमान जयंती पर विद्यार्थियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा हनुमान की ड्रेस पहन कर झांकी भी निकाली गई। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने बताया कि हनुमान जयंती साल में दो बार आती है। चैत्र मास, कार्तिक मास में ये जयंती मनाई जाती है। रामभक्त हनुमान भक्ति, शक्ति के प्रतीक है। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**जींद** । सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने स्वीप अभियान के तहत गांव जलालपुरा खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विभाग की भजन पार्टी के लीडर बलजीत व राजेंद्र ने भजनों व लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं का आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो।

### हनुमान शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक

**उचाना।** मंगलवार को हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मंदिरों में हवन, कीर्तन, भंडारे का आयोजन हुआ। आरजीएम उचाना के सामने प्राचीन बाबा की जोहड़ी मंदिर पर हवन, भंडारे का आयोजन हुआ। लितानी रोड स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चल रहा रामायण पाठ के सम्पन्न होने पर भंडारा लगाया गया। पालवां से करसिंधु रोड पर हनुमान मंदिर, अलीपुरा गांव में भी भंडारा लगाया गया।

### टैलेंट का महसंग्राम-2 का ऑडिशन 28 को

**नरवाना।** सागर आर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम टैलेंट का महसंग्राम 2 के ऑडिशन उचाना मंडी में 28 अप्रैल को होंगें। बॉलीवुड कलाकार सागर शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया की इसमे कोई भी कलाकार अपनी प्रतिभा दिखा सकता है। सभी सिंगर को करोके पे गाना पड़ेगा और अपना करोके साथ लेकर आना होगा।

### विवि में अभिभावक-शिक्षक बैठक का किया आयोजन

**जींद।** सीआरएसयू में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माता-पिता और शिक्षकों दोनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। जिससे रचनात्मक संवाद और प्रतिक्रिया के लिए एक मंच तैयार हुआ।

### तकनीक ने पढ़ने को अधिक सुलभ बनाया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा डिजिटल टूल्स द्वारा पढ़ने की आदत कैसे विकसित करें पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विजय कुमार शर्मा ने बताया कि आज हम फोन, टैबलेट, ई-रीडर पर डिजिटल किताबें क्षण में अपलोड करके पढ़ सकते हैं। तकनीक उपकरणों ने पढ़ने को और अधिक सुलभ बना दिया है।

## शहर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम, हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

### हनुमान गली में लगाया भंडारा, यज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में जहां भजन कार्यक्रमों तथा यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। हनुमान गली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह विशाल हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने शिरकत की। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान गली स्थित हनुमान मंदिर में हवन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इसमें संगठन के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अतुल चौहान ने बताया कि यह हनुमान मंदिर स्व. मास्टर सुशील चौहान ने अपने हाथों से बनाया था। यहां स्थित हनुमान की विशाल प्रतिमा पूरे भारत की सबसे बड़ी मिट्टी की मूर्ति है। इसको मिट्टी व गंगाजल से बनाया गया है। पूरे हिंदुस्तान में इतनी बड़ी मिट्टी की मूर्ति कहीं नही है। यहां दूर-दूर से लोग आते हैं और यहां सबकी मन्नतें पूरी होती हैं। यह पवित्र स्थान हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है। जिसके कारण हर रोज यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। दुकानदारों ने अपनी पूरी सेवाएं भंडारे में दी। बाद में शहर के मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें धार्मिक झांकियां दर्शाई गई।

### मंदिरों में पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पढ़ी

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। गोहाना रोड, सैनी रामलीला ग्राऊंड के निकट भंडारा लगाया गया। जिसमें हजारों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों में भी श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पढ़ी। पूरा दिन जगह-जगह श्रद्धालु हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए नजर जाए।




जींद। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान गली में आयोजित यज्ञ में आहुति डालते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। हवन कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि



जींद। हनुमान स्वरूपों की पूजा करते लोग। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी स्कूल में बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में हनुमान चालीसा का पाठ करके धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी एवं प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने सभी बच्चों के साथ मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से 12वीं तक के बच्चों ने अपने सिर को ढक कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मीनल ने सियाराम के चरणों के दास बालाजी भजन सुनाया, वहीं दुष्यंत ने मेरे राम जी को कह देना जय सियाराम सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। जिसमें सभी बच्चों ने भी साथ दिया। क्षेत्रीय निदेशक ने बच्चों को हनुमान जी की तरह शांत और योद्धा बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को कहा कि श्रीराम व हनुमान की तरह मेहनती बनें। हनुमान जी की तरह स्वामीभक्त व अपने वचनों के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्हें भी तभी सफलता मिली थी जब उन्होंने अपने कार्य स्वयं किए थे। उन्होंने सभी बच्चों को अपने कार्य स्वयं करने, समय पर करने व सही तरीके से करने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के सवार्त्तम सेवक, सखा, सचिव और भक्त श्री हनुमान थे। जहां भी श्रीराम की आराधना होती है। हनुमान का स्मरण अपने आप हो आता है। वे सद्गुणों के भंडार थे। श्री राम के सबसे बड़े बलशाली, ताकतवर और परमभक्त हनुमान का वर्णन रामायण में स्पष्ट रूप से वर्णित है।

### ऐतिहासिक नगरी सफीदों में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**सफीदों** । ऐतिहासिक नगरी सफीदों में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हनुमान मंदिरों में लड्डूओं की सवामनी लगाने के साथ-साथ भंडारों का भी आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर में विशेष रूप से सुंदरकांड व हनुमान चालीस के पाठ किए गए। इसके अलावा नगर में अनेकों हनुमान यात्रा निकाली गई। हनुमान स्वरूप धरे श्रद्धालु नगर के प्रमुख बाजारों व मौहल्लों में से होकर गुजरे। रास्ते में लोगों ने हनुमान स्वरूपों की आरती उतारी व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी कड़ी में नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर में प्रधान राकेश गोयल की अगुवाई में सुंदरकाण्ड व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी महेश शर्मा व मनोज शर्मा ने श्रद्धालुओं को सुंदरकांड के पाठ का श्रभ्वण करवाया। अपने संबोधन में पंडित महेश शर्मा ने कहा कि हनुमान जी को राम भक्त के रूप में जाना जाता है। हनुमान जी बिना राम जी के ताकत के बिना कोई कार्य नहीं कर सकते थे, वह जो भी कार्य करते हैं उसमें भगवान की ही ताकत होती है। इसीलिए कहा है हम सभी भगवान के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हनुमान जी इस कलियुग के देवता है और भक्तों की रक्षा करने वाले है। हनुमान जी अपने भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं। इस मौके पर आयोजित भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जुलाना में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

जुलाना कस्बे के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हवन से शुरूआत की गई। जिसमें कस्बे के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आहूति डाली। दोपहर के समय भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के प्रधान तुलसीराम ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई है। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया और रात के समय जागरण भी किया जाएगा। जिसमें मशहूर कलाकार हनुमान की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले हवन किया जाता है। क्योंकि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक उर्जा भी समाप्त होती है।



जींद। हनुमान चालीसा का पाठ करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का हुआ पाठ, लगाया गया विशाल भंडारा

**जींद** । अपोलो रोड स्थित संकट मोचन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ करवाया गया। सुंदरकांड के पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जयंती का आयोजन मुकेश शर्मा व उसके परिवार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल, राजकुमार भोला, सावर गर्ग, मनजीत भोंसला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। राजकुमार गोयल ने कहा कि आज पूरे देश में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। इस अवसर पर जगह जगह पर विभिन्न कार्यक्त्रमों का आयोजन किया गया है। कहीं भंडारों का आयोजन हुआ है तो कही सुंदरकांड का पाठ करवाया गया। कही छप्पन भोग का प्रसाद लगा तो कही संकीर्तन का आयोजन हुआ। गोयल ने कहा कि पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को है ऐसे में आज हनुमान जन्मोत्स्व का होना बहुत ही शुभ माना जा रहा है।



जींद। हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना करते अतिथिगण व आयोजक

हनुमान जी का जन्म प्रभु राम की सहायता और बिगड़े काम बनाने के लिए हुआ। विष्णु के 7वें अवतार राम है तो शिव के 11वें रुद्रावतार हनुमान हैं। भगवान राम का जन्म श्री हरि विष्णु के 7वें अवतार के रूप में धरती पर त्रेतायुग में हुआ।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा का वाचन

**जींद।** हनुमान जन्मोत्सव पर आधारशिला विद्यालय में बच्चों ने सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का सस्वर वाचन करके भगवान हनुमान के प्रति अपनीश्रद्धा एवं भक्ति को प्रकट किया। उन्होंने विद्या, बुद्धि और बल के दाता हनुमान से इन सब की याचना की। इस दौरान पूरा विद्यालय राममय नजर आया। पूरा प्रांगण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि सेवक धर्म में हनूमान जी से कोई प्रतिस्पर्धा नही कर सकता है। हमें हनुमान जी की सेवा और भक्ति से प्रेरित होकर उन्हें अपने जीवन में सम्मिलित करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हनुमान की तरह बुद्धिमान, और बलवान होने का आर्शीवाद दिया।



जींद। मंगल पाठ सुनते धर्मप्रेमी। फोटो :हरिभूमि

### महापुरूष त्याग-तपस्या के अनुपम उदाहरण : प्रभा

**उचाना।** महासाध्वी ज्ञान प्रभा महाराज ने कहा कि महापुरूष सूर्य, चंद्रमा से भी बढ़कर तेजस्वी, सौम्य होते है। सूर्य दिन भर चमक बिखरने के बाद शाम को अस्ताचल को चला जाता है तो अपनी सारी रोशनी समेटकर घुप्प अंधेरा छोड़ जाता है लेकिन महापुरूष अपने जीवन काल में अपने करिश्माई कृर्तत्व , प्रभावी व्यक्तित्व से मार्गदर्शन देने के उपरांत देहत्याग के पश्चात भी अपने दिव्य संदेशों एवं कालजयी शिक्षाओं की प्रभावी विरासत अपने स्थायी अवदान के रूप में समाज में देकर जाते है। सुरबरा गांव में धर्मप्रेमियां को महासाध्वी ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी महापुरूषों की मणिमाला के एक ऐसे सुमेरू थे जिन्होंने कष्टों को कुंदन बनाया। महापुरूष सुदीर्घ कालखंड की तपस्या, साधना, संयम के पश्चात ही बनना संभव है क्योंकि कामारें के लेपों को खोले बिना कर्मरहित अवस्था तक पहुंचा नहीं जा सकता है। महापुरूष त्याग, तपस्या, आत्म संयम, इंद्रिय दमन का बेमिसाल उदाहरण समाज के सम्मुख प्रस्तुत करते हैं।

## अंग्रेजी भाषा दिवस को धूमधाम से मनाया

- छात्रों को अंग्रेजी भाषा के व्याकरण, उच्चारण और बोलचाल कौशल को समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में अंग्रेजी भाषा दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस महत्वपूर्ण दिन पर विद्यालय ने अंग्रेजी भाषा और साहित्य के महत्व को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया।

छात्रों ने इस अवसर पर भाषा के महत्व को समझाने और उसे सही तरीके से सीखने के लिए अपनी भूमिका निभाई। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को अंग्रेजी भाषा के उपयोग के लाभों के बारे में जागरूक किया और उन्हें इस विशेष दिन का महत्व समझाया। छात्रों को अंग्रेजी भाषा के व्याकरण, उच्चारण और बोलचाल कौशल में सुधार करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी भाषा कौशल का प्रदर्शन किया और उनकी प्रतिभा को स्थायी किया। विद्यालय के अंग्रेजी अध्यापिका पूनम मान और 'योति मलिक ने छात्रों को अंग्रेजी भाषा के महत्व के बारे में विचार किया और उन्हें इस भाषा के महत्वपूर्ण रोल के बारे में जागरूक किया।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को बिमारियों से बचाव के लिए जागरूक करते हुए डॉ कपिल शर्मा व स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक

**नरवाना।** मंगलवार को नागरिक अस्पताल नरवाना के वरिष्ठ चिक्तिसा अधिकारी देवेंद्र बिदंलिश के के निर्देशानुसार अस्पताल से स्वास्थ्य विभाग के डॉ कपिल शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक रामकुमार व गुरदेव सिहं एमपीएचडब्लयू की एक टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक बाबा गैबी साहिब में जाकर बच्चों को बैक्टीरियां से जन्म लेने वाली बीमारियो से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान डॉ कपिल शर्मा ने स्कूल के बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि अभी कुछ दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव व रूक-रूक कर हो रही बारिश से पानी इक्ट्ठा हो जाता है और उस पानी में मलेरियां, डेंगू के लारवा जन्म ले लेते है जिससे छोटे बच्चे इसकी चपेट मे आ जाते है इससे बचाव के लिए ही डॉ कपिल ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बुखार होने पर जल्द ही अपने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर अपने खुन की जांच करवाए व किसी भी प्रकार से पानी को अपने घर के आस-पास इक्ट्ठा न होने दें।

### हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# गर्मी से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध करें: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से तापमान में निरन्तर बढ़ोतरी होगी। जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने यह निर्देश मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आगामी गर्मी के मौसम में हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी गर्मी से बचाव के लिए काम के समय का शेड्यूल निर्धारित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ओआरएस व अन्य जरूरी दवाओं की आपूर्ति की पूर्व स्थिति का अवलोकन करें। सभी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ स्कूलों में ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूलों में बिजली कटौती के दौरान पॉवर बैकअप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए छुट्टी से कुछ समय पहले वाटर बैल बजा कर स्कूल से पानी पिलाकर ही घर के लिए भेजें ताकि बच्चों को लू लगने से बचाया जा सके। इस बीच उन्होंने सभी सरकारी भवनों में लगे अग्निशमन यंत्रों के संदर्भ में फायर ऑडिट, फायर उपकरण लगवाने और मॉक ड्रिल के लिए उठाए गए कदमों बारे विस्तार से समीक्षा की।



जींद। बैठक को संबोधित करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, नगराधीश नमीता कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



जींद। हनुमान जयंती पर भजन किर्तन करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### दबलैन से फरैण रोड पर पंचमुखी हनुमार मंदिर में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज. नरवाना

दबलैन से फरैण रोड पर पंचमुखी हनुमार मंदिर पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी महावीर शर्मा ने बताया कि पिछले 14 वषार्े से हनुमान जयंती चैत्र पूर्निमा को इस मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर पर आस-पास के कई गावों से हजारों की संख्या में महिलाएं व बच्चे प्रसाद ग्रहण करते है। वहीं इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं इक्ट्ठा होकर भजन किर्तन करती है। भण्डारा वितरण करते हुए सुमित उर्फ येंकी मोर, सुखबीर दबलैन, दिलबाग मोर उर्फ बागा, कृष्ण मोर व अजमेर सिहं मोर आदि मौजूद रहे।

## जिलेभर में हवन, भंडारे, जागरण के साथ धूमधाम से मनाया हनुमान जी का जन्मोत्सव

# खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल...भजन पर झूमे श्रद्धालु


कैथल। हनुमान जी के जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी अपनी प्रस्तुति देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री मेहंदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से करनाल रोड स्थित महाराजा सूरजमल जाट खेल मैदान में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर छठा विशाल जागरण, सुंदरकाण्ड पाठ व अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। इस जागरण के कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि पंडित राजन शर्मा (जगाधरी वाले) ने सुंदर कांड का पाठ किया और मंच संचालन अनिल महंत दिल्ली वाले ने किया। जागरण में यूपी के बरेली से पहुंची प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी ने बाबा के भजनों पर समां बांधा। उनकी तरफ से गाए गए भजनों से पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया। अंजली द्विवेदी की ओर से गाए गए भजन मेरा इतना सा काम कर दो हनुमान, राम जी के चरणों में रहते हो तुम, रामजी जो कहते, वो करते हो तुम। रामजी के संग रहते तुम, आठ याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान। मेरा इतना सा काम कर दो। खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल, झूमे नाचे गाए, दो करते धमाल हनुमान पर श्रद्धालु खूब झूमे। रात्रि 12 बजे श्री बालाजी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक किवंटल का केक काटा गया। संस्था की तरफ से अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमे हजारों भगतो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समिति के संदीप गर्ग ने जागरण में पहुंची मुख्य अतिथि नगर परिषद की अध्यक्ष सुरभि गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। संदीप गर्ग ने सभी आए हुए भगतो को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की बधाई दी और जागरण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंदीप गर्ग , हैप्पी गर्ग, संजय गर्ग , विजय गर्ग , वेद मित्तल , अश्वनी गर्ग , रोहित बंसल, राकेश गुप्ता , शमशेर फौजी, रमन मेहता , बालक राम सैन, राज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

### बजरंगबली जी को 108 मीटर का लंगोट चढ़ाया



पूंडरी। ग्यारहरूद्री शिव मंदिर में हनुमान जयंती पर धार्मिक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ने भाग लिया। इस मौके पर हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। भगत बलबीर सैनी ने बताया कि इस दौरान बजरंगबली जी के विशाल स्वरूप की पूजा अर्चना की गई और उन्हें 108 मीटर का लाल लंगोट चढ़ाया गया। इस अवसर पर फतेहपुर व पूंडरी में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्यातिथि अनीता चौधरी ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार श्री बजरंग बली जी चिरंजीवी है, जो आज भी इस पृथ्वी पर विराजमान है। जो भक्तों के दुखों का नाश करने वाले है। जो भगत की भावना से सहजता से प्रसन्न हो जाते है। इस मौके पर जयभगवान सैनी, दीपक, अशोक सैनी, राहुल, संजू, अजय, अजय कौशिक व संदीप शास्त्री भी मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर किया हवन



राजौंद। नगर के दादा खेड़ा पर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुबह हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें हवन यज्ञ में लोगों ने पहुंचकर आहुति डाली। इसके बाद भंडारे का प्रसाद व रात को बाला जी महाराज का जागरण का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए अशोक भगत ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विधिवत रूप से हवन में आहुति डालकर नगर की सुख शांति की कामना की गई। उन्होंने बताया कि इस उत्सव को लेकर लोगों ने श्रद्धा भावना देखने को मिली। लोगों ने भारी संख्या में खेड़े महाराज से नगर की सुख शांति की कामना की व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रात को आयोजित जागरण में भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान राजेंद्र राणा, पवन शर्मा, कंवरपाल भट्ट, धर्मपाल, रोहित सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन

सीवन। सीवन के समाज सेवियों ने मिल कर भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर सोसायटी बैंक के पास भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर आने जाने वाले राहगीरों को सेवादारों ने मालपुए और खीर का प्रसाद खिलाया। समाजसेवी कुलदीप गाबा, प्रदीप गाबा ने बताया कि भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर इस भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया है। सभी सेवादारों ने बड़े ही सेवा भाव से आने जाने वालों को प्रसाद खिलाया। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान जी सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और क्षेत्र में सुख शांति रहे। सेवा करने वालों में आदित्य गाबा, मनोज थरेजा, भारत भूषण, अभिषेक, शुभम, चेतन व अन्य शामिल थे।



### हनुमान जी की पूजा से सभी संकट दूर : नरेश



गुहला-चीका। श्री विश्वकर्मा मंदिर चीका में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विश्व में सुख शांति की कामना को लेकर हवन-यज्ञ करवाया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी आचार्य हरिओम शोकल की अध्यक्षता में मुख्य यजमान एवं प्रमुख समाजसेवी नरेश शर्मा ने यज्ञ की पावन अग्नि में घी सामग्री के साथ आहुतियां डाली। नरेश शर्मा ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति करने वालों पर कभी संकट नहीं आते। उन्होंने कहा कि हनुमान जी से बड़ा कोई दूसरा भक्त नहीं हुआ है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। नरेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से संस्कृति व संस्कारों को प्रचार-प्रसार मिलता है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से किये जाने चाहिए। यज्ञ प्रभारी पंडित सत्यवीर शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ सभी सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहूति डालकर मंगल कामनाएं की। इस अवसर पर जयभगवान, ईश्वर चंद, इंद्रमोहन मित्तल, हर्षित शर्मा, राजपाल वर्मा, महावीर प्रजापत भी मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती पर लगाया भंडारा



राजौंद। राजौंद दुर्गा मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह हनुमान जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों के माध्यम से कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में नगर से महिलाओं ने पहुंचकर मंदिर में भजनों का आनंद लिया। भंडारे के दौरान सेवा दारों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी।

## राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय रही जाट शिक्षण संस्थान की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर नीलम विश्वविद्यालय कैथल में 22 अप्रैल 2024 को एक राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। भूगोल विभाग के प्रो विकास नैन ने मीडिया को बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों से लगभग 20 टीमों ने भाग लिया इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय महाविद्यालय जींद, द्वितीय स्थान आर के एस डी पीजी कॉलेज कैथल, तृतीय स्थान जाट महाविद्यालय कैथल, चतुर्थ स्थान इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल ने प्राप्त किया। विजेता टीम के महाविद्यालय पहुंचने पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। कालेज प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने विजेता टीम एवं टीम संयोजक प्रो विकास नैन, डॉ कर्मवीर चहल, प्रो सुखबीर को बधाई दी। प्रशासक ने कहा कि हमारे जाट कॉलेज की टीम ने राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है यह हर्ष एवं खुशी का विषय है। जाट शिक्षण संस्थान के बच्चे इसी तरह कड़ी मेहनत एवं लगन से परिश्रम के द्वारा जाट शिक्षण संस्थान एवं जाट समाज का नाम रोशन करते रहे। प्रतिभावान बच्चे हों, वह अपनी प्रतिभा दिखाएं और जाट हाई स्कूल सोसायटी प्रतिभावान बच्चों की सहायता के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर डॉ सुदेश कुमारी ,प्रो मनीष, प्रो नीतू प्रो मोनिका मान एवं सभी स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## एनआईआईएलएम विवि करेगा मैराथन आयोजित

कैथल। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में एक मैराथन का आयोजन दिनांक 27 अप्रैल 2024 को किया जाएगा जो सुबह 7:00 बजे कैथल के छोटू राम इंडोर स्टेडियम से शुरू होकर पुराना हॉस्पिटल से होते हुए नए बस स्टैंड पर समापन होगा इस मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं यह जानकारी विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर (डॉ.)शमीम अहमद ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी । मैराथन में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद ईनामी राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ. बलविंदर सिंह एवं विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चोरों ने लाखों रुपये की नकदी आभूषण व अन्य सामान चुराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

चार अलग-अलग मामलों में चोर दो दुकानों से नकदी व सामान, मकान से गहने और रुपये व एक फैक्टरी से सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव फरल निवासी हुक्म सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 21 अप्रैल को आरोपी सन्नी व उसकी पत्नी मनीषा ने उनके घर से सोना-चांदी के गहने और तीन लाख 53 हजार रुपये चोरी कर लिए।

दूसरे मामले में गांव कौलेखां निवासी षिपाल ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 22 अप्रैल को दोपहर के समय अज्ञात आरोपी उसकी कलायत स्थित दुकान से गल्ला व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उसे डेढ़ ला I रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरे मामले में सुभाष नगर निवासी गौरव ने सीवन थाना में शिकायत दी कि गांव खानपुर में उसने लोहे का सामान बनाने की फैक्टरी लगा रखी है। 21 अप्रैल को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी फैक्टरी से चाल, गरारी, डाई बट्टे, चार पंखे एलईडी, फ्रिज, कुर्सी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उसे एक लाख 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जांच अधिकारी बलराज ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौथे मामले में सीवन निवासी सुनील ने पुलिस को शिकायत दी कि 22 अप्रैल को अज्ञात आरोपी उसकी दुकान का गल्ला तोड़कर 17 हजार रुपये चोरी कर ले गए।

## न्यूज डायरी

### कोमित को विश्वविद्यालय मेरिट लिस्ट में छठा स्थान

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल के राजनीति शास्त्र विभाग के विद्यार्थी कोमित ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणामों विश्वविद्यालय टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। कोमित ने तृतीय सैमेस्टर में 385/500 अंकों के साथ कुल 77% अंक प्राप्त किए एवं छट्टा स्थान प्राप्त किया। तीनों सैमेस्टर में ऑवरआल कुल अंकों के आधार पर कोमित अभी भी प्रथम स्थान पर बना हुआ है।कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने निर्धारित 2100 रूपए की राशि प्रदान कर उदीयमान छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांध्यकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता, गणित विभागाध्यक्ष डॉ सत्यवीर मैहला, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो श्रीओम, डॉ अशोक कुमार अत्रि, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ विरेन्द्र सिंह, डॉ विनोद कुमार मान एवं डॉ अनुकृति भी उपस्थित रहे।

### स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में लीगल लिटरेसी क्लब के अंतर्गत स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में दहेज प्रथा मानव अधिकार मौलिक कर्तव्य नशा मुक्ति कन्या भ्रूण हत्या बाल विवाह रैगिंग वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विकलांग व्यक्तियों के अधिकार और शिक्षा का अधिकार सहित कई विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। स्कूल प्राचार्य राममेहर ने बताया कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने को मिलता है इसलिए विद्यार्थियों को महाविद्यालय में समय-समय होने वाली इन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता का मंच संचालन सुदेश व निर्णायक मंडल की भूमिका रविंद्र कुमार और विक्त्रम ने की। प्राचार्य ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम बी, टीम सी ने द्वितीय स्थान और टीम ए ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रीति प्रथम, कोमल द्वितीय व नेहा तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान नरेंद्र, दीपक हरिपाल और राजरानी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### श्री सालासर एवं खाटू धाम के लिए बस रवाना



सीवन। श्री बाबा श्याम परिवार सीवन की ओर से 8वीं बस यात्रा श्री सालासर धाम एवं खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई। बस यात्रा को समाज सेवी चिमन लाल गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस रवानगी के दौरान प्रधान संजय कंसल, उप प्रधान सोनू सैनी ने बताया कि श्री श्याम परिवार सीवन की ओर से हर माह यह बस रवाना की जाती है जोकि श्री सालासर धाम व खाटू श्याम धाम में दर्शन करवा कर वापिस सीवन पहुंचती है। यह बस यात्रा के चलने से जो श्रद्धालु सालासर धाम एवं खाटू श्याम धाम में आस्था रखते हैं उनके लिए यह बस यात्रा बहुत अच्छी साबित हो रही है। बस की रवानगी के मौके पर संरक्षक मनोज गिरधर यशपाल राणा, नीरज बंसल, मोहित बंसल, संजू पंसारी, अनिल शर्मा, जीत कामरा, नरेश आहूजा, विक्की ग्रोवर सहित अन्य मौजूद रहे।

### वाहन चालकों को किया नशा न करने बारे जागरूक



कैथल। पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा संजय कालोनी, ट्रक युनियन,बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, लैबर चौंक चीका पर वाहन चालको, मजदूरों सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है।

## खबर संक्षेप

### मजदूर से मारपीट के आरोप में दो नामजद

कैथल। चीका पुलिस ने मजदूरी के पैसे मांगने पर दो आरोपियों ने एक मजदूर को डंडे व हॉकी से पीटने का मामला दर्ज किया है। गांव सींह के दलबारा सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि वह काफी समय से चीका निवासी गुरजंट की कंबाइन मशीन पर बतौर फौरमेन व ड्राइवर काम कर रहा है। नरवाना से काम खत्म होने पर वह मशीन लेकर चीका वापस आया था।

### जानलेवा हमला करने के मामले में दो पर केस दर्ज

कैथल। गांव धनौरी में दो आरोपियों ने एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी नसीब ने सदर थाना में शिकायत दी कि 21 अप्रैल को शाम के समय आरोपी रोशन व निर्मल ने उसके पिता भल्ला राम को डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने पिता को मारने की नीयत से उस पर हमला किया है।

### दुकान से चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैथल। कलायत अनाज मंडी में स्थित दुकान से गला चोरी करके ले जाने के मामले की थाना कलायत पुलिस के एसआई विजय कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी चंदाना गेट कैथल निवासी नवाज अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कौलेखां निवासी रिषिपाल की शिकायत अनुसार उसकी कलायत अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है।

## कन्या महाविद्यालय में मनाया मतदान शपथ ग्रहण समारोह


पूंडरी। मतदान शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते प्राचार्या डा. मधुबाला एवं विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में इलेक्शन कमिशन की तरफ से और यू.जी.सी. के पत्र के तहत मतदान जागरूकता में सोशल मीडिया का योगदान के द्वारा छात्राओं को जागृत करने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. मधुबाला के द्वारा द्वीप प्रजवल्लित कर किया। उन्होंने छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया में सोशल मीडिया के महत्व से अवगत करवाया तथा वोट के महत्व के बारे में सभी छात्राओं को जागरूक किया। डा. अमिता राणा ने छात्राओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी ने सभी छात्राओं को मतदान शपथ ग्रहण करवाई। मंच का संचालन इलेक्शन सेल की संयोजिका डा. पुष्पा रानी के द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को टी.वी.सी.एस. और छोटी फिल्में के बारे में बताया तथा अभिमन्यु की सहायता से कांफ्रैसिंग रूम में छात्राओं को टी.वी.सी.एस. और छोटी फिल्में दिखाई।

## प्रीति बनी मिस फाईनल तो कशिश बनी मिस पर्सनेलिटी

■ बतेरी रही मिस ईवनिंग व अनु मिस फ्रेशर चुनी गई

■ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. सुभाष तंवर थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। डी.ए.वी. कालेज में आयोजित कार्यक्रम में चुनी गई छात्राएं।

डी.ए.वी. कालेज पूंडरी में बी.ए., बी.काम. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभागों के जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डा. सुभाष तंवर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता मेहनत तथा लगन के द्वारा हासिल की जाती है। प्राचार्य ने अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों के उ'जवल भविष्य की कामना की तथा विभाग के सभी प्राध्यापको को समारोह के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स के लिए बहुत उम्दा प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। मंच का संचालन महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज मैडम परमिंद्र कौर ने किया। मैडम परमिंद्र कौर ने बताया बी.ए. तृतीय वर्ष की प्रीति को मिस फाईनल तथा बतेरी को मिस ईवनिंग, बी.काम. तृतीय वर्ष की कशिश को मिस पर्सनेलिटी के खिताब से नवाजा गया। बी.ए. प्रथम वर्ष की अनु को मिस फ्रेशर तथा बी.काम. प्रथम वर्ष की भारती को पर्ल आफ द ईवनिंग का खिताब दिया गया।

## डीएवी स्कूल में प्रेरक शक्ति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


पूंडरी। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रेरक आचार्य पवन। फोटो : हरिभूमि

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में विद्यार्थियों के लिए प्रेरक शक्ति को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में आचार्य पवन जी विशेष रूप आमंत्रित हुए। प्राचार्या एंव स्टॉफ की तरफ से आचार्य का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रेरक आचार्य पवन द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अन्य कौशल गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। समय का सदुपयोग कर जीवन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टॉपर आने के लिए नियमों का पालन करना चाहिए। प्रेरणा शक्ति ही है, जिसकी बदौलत महान बना जा सकता है। आचार्य पवन विद्यार्थियों को मैडिटेशन भी करवाया गया और मैडिटेशन के लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा आजकल जंक फूड का क्रेज बहुत बढ़ गया है। विद्यार्थियों को इस प्रकार के फूड से बचना चाहिए। हैल्दी फूड को अपने खाने में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापक सुशील कुमार, पंकज कुमार, शमशेर सिंह, अमित कुमार, प्राध्यापिका नीलम कौशिक, नीलम वालिया, माधुरी बख्शी, रिंपल व धीरज सहित स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### वोटर इन क्यू एप से मिलेगी लाइन की जानकारी : डीसी

कैथल। अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय**
**कौल (कैथल) स्कूल कोड 2266**

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौल (कैथल) की कृषि योग्य भूमि लगभग 3.5 एकड़ की सालाना बोली 2024-25 हेतु ठेका पर देने हेतु दिनांक 01.05.2024 को दोपहर 12:30 बजे विद्यालय परिसर में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथियों को प्रतिभूति राशि मु. 20,000/-रुपए (बीस हजार रुपए) विद्यालय कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक नकद जमा करवाकर 12:30 बजे बोली में भाग ले सकते हैं। बोली की शर्तें मौका पर बता दी जाएंगी। शर्तें/तिथि/समय में बदलाव या बोली रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास आरक्षित रहेगा। किसी भी कारण से पहली तिथि पर बोली न छोड़े जाने पर दूसरी बोली की तिथि 08.05.2024 को दोपहर 12:30 बजे व तीसरी बोली की तिथि 15.05.2024 को दोपहर 12:30 बजे होगी।

प्राचार्य/प्रधान, स्कूल प्रबंधक कमेटी,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
कौल (कैथल) स्कूल कोड 2266
9992771475, 9896724081

## खबर संक्षेप

### चोटें मारकर हत्या करने के मामले में 2 आरोपी धरे

**कैथल।** चोटें मारकर हत्या करने के मामले की जांच चौंकी संगतपुरा पुलिस प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह की टीम द्वारा करते हुए त्वरित कार्रवाई दौरान आरोपी गांव धनौरी निवासी रोशनलाल व निर्मल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धनौरी निवासी नसीब की शिकायत अनुसार वे दो भाई है।

### राजकीय कॉलेज सफीदों में सेमिनार आयोजित

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों में मंगलवार को भूगोल परिषद के तत्वावधान में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉण हरिओम की देखरेख में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा ने की जबकि सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर डा. अनिल वत्स ने शिरकत की। पर्यावरण और प्रजातियों के अनुकूलन में होने की प्रक्त्रिया के बारे विस्तार से चर्चा की।

### युवकों का अपहरण का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** लाल बहादुर शास्त्री नगर से तीन आरोपी दो युवकों का अपहरण कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर निवासी असमिता ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि उन्होंने गांव बालू निवासी अनिल से 10 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। बाद में नौ हजार रुपये अनिल को वापस दे दिए थे।

### कुमारी सैलजा से मिले राममेहर दनौदा

**उचाना।** कांग्रेस युवा नेता राममेहर दनौदा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा से उनके निवास पर मिले। अपने साथियों के साथ मिले राममेहर दनौदा ने कहा कि निरंतर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की अगुवाई में लोग कांग्रेस से जुड़ रहे है। जब से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, प्रेमलता सिंह कांग्रेस में शामिल हुए है तब से जींद जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस का ग्रॉफ बढ़ रहा है।

### 70 लोगों का किया गया बीसीजी टीकाकरण

**गुहला-चीका।** डी.ए.वी. स्कूल चीका में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक हैल्थ कैंप का आयोजन भी किया गया। जिसमें 70 लोगों को बीसीजी टीका लगाया गया। बी.सी.जी. के टीके लगाए जाने के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप में शुगर व ब्लड प्रैशर के मरीजों की जांच करके उन्हें दवाई व उचित सलाह भी दी गई। कैंप को लेकर स्कूल स्टाफ का काफी रुझान रहा।

### विश्व पुस्तक कॉपीराइट डे पर कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट डे पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी व लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है, जो प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन विश्व भर में पुस्तकों और साहित्यिक संपत्ति की महत्वता को मान्यता देता है। कॉपीराइट के महत्व को भी उजागर करता है।

## आढ़ती वैलफेयर एसोसिएशन ने डीएफएससी को सौंपा ज्ञापन

# गेहूं की बंपर आवक, धीमा उठान बनी आढ़तियों के लिए परेशानी

परिवर्तनशील मौसम को देखते हुए गेहूं का जल्द से जल्द उठान करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का कार्य जारी है लेकिन उठान कार्य धीमा होने के चलते किसानों व आढ़तियों के लिए परेशानी बना हुआ है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा द्वारा संबंधित मंडियों के नोडल अधिकारियों को फिल्ड में उतारा हुआ है बावजूद इसके लिफ्टिंग का कार्य धीमा है। मंगलवार के आढ़ती वैलफेयर एसोसिएशन ने मंडी से गेहूं का उठान न होने के चलते जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक, जिला प्रबंधक हैफेड, एचडब्ल्यूसी जिला प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार देर सायं तक अनाज मंडियों में 449066 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडियों में पहुंची समस्त गेहूं की खरीद सरकारी खरीद एंजेसियों द्वारा करवा ली गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी आड़े न आए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि फूड एंजेसी द्वारा 157873 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 146877 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 9958 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 134358 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जींद की अनाज मंडी में 49512 मीट्रिक टन, सफीदों की अनाज मंडी में 54032 मीट्रिक टन, नगूरां की अनाज मंडी में 18778 मीट्रिक टन, उचाना में 54360 मीट्रिक टन, नरवाना में 33859 मीट्रिक टन गेहूं, पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में 52231 मीट्रिक टन, जुलाना की अनाज मंडी में 51587 मीट्रिक टन, छात्तर की अनाज मंडी में 11871 मीट्रिक टन तथा उझाना में 8453 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उपायुक्त ने खरीद एंजेसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फसल खरीद के कार्य को इसी प्रकार से तेजी से करवाते रहें और साथ-साथ फसल उठान का कार्य भी करवाएं ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को फसल बिक्री में कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला की अनाज मंडियों, अन्न खरीद केंद्रों में फसल की खरीददारी तेजी से करवाई जा रही है।



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए आढ़ती वैलफेयर एसोसिएशन सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*



### उचाना मंडीः धर्मकांटों को जांचा एसडीएम ने

**जींद।** उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने उचाना अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद को लेकर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों को फसल बिक्री के दौरान मंडियों में कोई परेशानी नही होनी चाहिए। उठान कार्य में संबंधित ठेकेदार अपनी रुचि बनाए रखें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने अधिकारियों से पूछा की गेट पास, बारदाने व फसल खरीद में किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है।

### धीमी गति से उठान के कारण नहीं मिल रहा पैमेंट

आढ़ती वैलफेयर एसोसिएशन ने मंडी से गेहूं का उठान न होने के चलते जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक, जिला प्रबंधक हैफेड, एचडब्ल्यूसी जिला प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। आढ़ती वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान राजेश गोस्वामी ने जिला खाद्य पूर्ति नियंत्रक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि गेहूं का उठान बिल्कुल धीमी गति से हो रहा है। जिसके कारण किसानों को उनकी पैमेंट समय से नहीं मिल पा रही है। इस कारण किसान आढ़तियों के प्रति अपना रोष जता रहे हैं।



### भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल का नरवाना में स्वागत

**नरवाना।** भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल नरवाना हुडा कांप्लेक्स में स्थित भाजपा कार्यालय में पहुंची। मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। सांसद सुनीता दुग्गल ने कार्यकर्ताओं से जी जान से चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पर के नारे पर काम करें मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों जन-जन तक पहुंचाएं व डॉ अशोक तंवर को नरवाना विधानसभा में मेरे से भी 'यादा वोटो से जीता कर भेजें। प्रेस प्रवक्ता विकेश तागरा ने बताया कि साय 5रू00 बजे पहुंची सांसद सुनीता दुग्गल के स्वागत में कार्यालय में भगवान दास गर्ग, शशिकांत शर्मा, अमित धाकड़, मनदीप चहल, जोगिंदर सैनी, महेंद्र सैनी, कृष्ण गोपाल, धर्मवीर बाता, मनजीत गोयत, मुकुल राणा व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### किसान नेताओं की रिहाई के लिए नीलम आजाद व अन्य नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा उचाना द्वारा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम गुलजार मलिक को ज्ञापन सौंपा गया। किसान नेता आजाद पालवां, किसान नेत्री सिक्किम सफा खेड़ी ने बताया कि नीलम आजाद घसो एवं अन्य किसान नेता जेलों में बंद है। नीलम आजाद का कसूर इतना है कि वे अपने साथियों के साथ बेरोजगारी से आहत होकर संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे थी। किसानों की मांगों को लेकर धरना दे रहे किसानों को बिना कसूर के जेल भेजा गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया है कि नीलम आजाद घसो एवं तीन किसान नेताओं को रिहा किया जाए। नीलम आजाद घसो एवं इनके अन्य साथियों को भी रिहा किया जाए। इस मौके पर सूबेदार शमशेर सिंह, महाबीर, कुलदीप, जोधा सेढ़ा माजरा, रमेश, राजेश कुमार, नरेश, अजय मौजूद रहे।

## निबंध लेखन में अंशु तथा भाषण में साक्षी ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को लीगल लिटरेसी सैल के तत्वाधान में कानूनी जागरूकता के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इसकी अध्यक्षता प्रोण्राहुल हुड्डा ने की। इसमें मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी बहल ने हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के बीच मुकाबले कराए गए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंशु रानीए भाषण प्रतियोगिता में साक्षी, कविता पाठ में सोनाली, वाद-विवाद में मुक्ता व प्रिया व क्विज प्रतियोगिता में शशिए मुनीष व सुमित ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि मुलभूत अधिकारोंए मुलभूत कर्तव्यों व विभिन्न सामाजिक बुराइयों के प्रति विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कन्या भूरण हत्या, दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसे सामाजिक बुराइयों को लेकर जागरूक होने के साथ ही अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी बुराइयों के प्रति लोगों को भी जागरूक कर समाज से ऐसी घातक बीमारियों से बचाने में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके प्रो. सीमा कश्यप, सुनीता दुग्गल, डा. सुनेत व डा. ऊषा समेत कालेज का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।



## विश्व पृथ्वी दिवस 2024 पर क्विज प्रतियोगिता

- करीब 650 विद्यार्थियों ने बहुत सक्रियता से भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एस डी महिला महाविद्यालय नरवाना की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में ऑनलाइन नेशनल लेवल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आइक्यूएसी, एनसीसी की प्रभारी डॉ नयनदीप, इको क्लब एंड नेचर इंटरप्रिटेशन की प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा, एनएसएस प्रभारी डॉ शालू सचदेवा और मधु शर्मा कंप्यूटर प्रवक्ता गौतम गर्ग एवं भूगोल विभाग से संबंधित सलिता के तत्वाधान में की गई। प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय डांड डडवाना कैथल के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार किया गया। इस प्रतियोगिता की संयोजिका भूगोल विभाग की सालिता ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस 2024 की मुख्य थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक रहा। पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देता है। प्रत्येक वर्ष यह तत्काल पर्यावरणीय चिंताओं को उजागर करने के लिए एक विशिष्ट विषय को अपनाता है। पृथ्वी दिवस 2024 में थीम प्लेनेट बनाम प्लास्टिक परिस्थितिकी तंत्र को बहाल करनेए जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने और जैव विविधता की सुरक्षा के लिए सहयोगात्मक प्रयासों की अनिवार्यता को रेखांकित करती है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस की 54वीं वर्षगांठ मनाई गई। इको क्लब संयोजिका डॉ अनीता छाबड़ा ने बताया कि प्लास्टिक के निरंतर प्रयोग से पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यदि पर्यावरण में हानिकारक प्रतिकूल दशाएं होती हैं तो इसका सीधा असर मानव एवं पर्यावरणीय जीव जंतुओं पर पड़ता है। इस प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ शालू सचदेवा ने बताया कि ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पृथ्वी दिवस से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें 650 विद्यार्थियों ने बहुत सक्रियता से भाग लिया। जिन प्रतिभागियों के द्वारा 80ः प्रश्नों को सही किया गया।



नरवाना। छात्रा को सम्मानित करते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

### बिघाना में लगा भंडारा लोगों ने चखा प्रसाद

**अलेवा।** बिघाना के हनुमान मंदिर में मंगलवार को वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर ग्रामीणों के सहयोग से हवन आदि करा भंडारे का आयोजन किया गया। गांव के गणमान्य लोगों ने हवन में आहूति डालकर गांव की सुख स्मृद्धि की कामना की। हनुमान के जन्म दिवस पर मंदिर में लगाए भंडारे में महिलाए पुरूषों व छोटे बच्चों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पूजारी धर्मबीर शास्त्री ने बताया कि गांव के सभी वगारे के लोगों के सहयोग से हर वर्ष पैसे एकत्रित कर हवन करा भंडारे का आयोजन कराया जाता है। गांव की श्रद्धालु महिलाएं व पुरूष हनुमान की पूजा अराधना करने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण करती है। उन्होने बताया कि पवन पुत्र हनुमान बजरंगबली श्रीराम के भक्त होने के साथ ही भगवाान के अवतार भी थे। उन्होने हमेशा सच्चाई का साथ देते हुए असत्य पर विजय पाई थी।

## इनकम टैक्स रिटर्न का ज्ञान समय की जरूरत

- राजकीय महाविद्यालय में विलियम्स शेक्सपियर के जन्मोत्सव पर प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मालिक ने की। कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रवक्ता के तौर पर चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी से वाणि'य विभाग से आए डा. संदीप कुमार ने शिरकत की। उन्होंने बताया की इनकम टैक्स रिटर्न किन व्यक्तियों द्वारा भरना अनिवार्य है, किस व्यक्ति के द्वारा कौन सी रिटर्न भरी जानी है, एडवांस टैक्स, रिटर्न की अंतिम तिथि एवं जुर्माने इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य ने बताया कि इनकम टैक्स रिटर्न का ज्ञान आज के समय की जरूरत है। विद्यार्थी इस गुण को सीख कर अपनी एवं अपने परिवार के सदस्य की रिटर्न स्वयं भर सकते हैं। प्लेसमेंट सेल अध्यक्ष डा. गौरव बंसल ने बताया कि इनकम टैक्स विद्यार्थियों के सिलेबस का भाग है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी अपने सिलेबस को भी अच्छे से समझ पाएगा और स्वयं के कौशल को भी निखार पाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डा. शमशेर, लाभसिंह, कार्यशाला सचिव भूपेंद्र एवं मनोज मौजूद रहे। अंत में प्लेसमेंट सेल अध्यक्ष डा. बंसल ने मुख्य प्रवक्ता, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक जी की अध्यक्षता में अंग्रेजी विभाग द्वारा विलियम्स शेक्सपियर के जन्मोत्सव पर एक सॉनेट, सॉलिलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को विलियम्स शेक्सपियर की मान्यता से परिचित करवाया गया।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

## बाल वाटिका में नामांकन को किसी भी छात्र को मनाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के मुखियाओं द्वारा अपने स्तर पर बाल वाटिका कक्षाओं में नामांकन की सीमा अर्थात सीटों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। जिस कारण एंट्री लेवल पर ही विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित किया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर डीईओ, डीईईओ, डिप्टी डीईईओ तथा बीईओ को को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्राधिकार के सभी विद्यालयों में विशेषकर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों तथा राजकीय मॉडल संस्कृति सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के मुखियाओं को इस बारे सख्त निर्देश दें कि बाल वाटिका में नामांकन के लिए किसी भी विद्यार्थी को मना नहीं किया जाए। नेबरहुड में निवास करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी इसका पात्र है। इसलिए उसे दाखिला दिया जाए। ऐसे सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय जिनके पास प्राथमिक विंग नही हैं।




## शिव चौक का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

झांझ गेट स्थित शिव चौक का स्थापना दिवस जींद कावड़ सेवा संघ द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शिव के नाम का केक काटा गया। प्रसाद वितरित किया गया। भोलेनाथ के संगीत और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर संजय खुराना, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल, मैन बाजार एसोसिएशन के प्रधान राजू लखीना, साड़ी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। संजय ने बताया कि आज ही के दिन 27 साल पहले जींद कावड सेवा संघ द्वारा शिव चौक की स्थापना की गई थी। उस समय संस्था के अध्यक्ष प्रदीप बत्तरा व अन्य पदाधिकारियों संजय धवन, संजय खुराना, गुलशन आहूजा आदि के द्वारा शहरवासियों के साथ मिल कर यह सुंदर और भव्य शिव चौक बनाया गया। उस समय भगवान शिव की यह प्रतिमा जयपुर से लाई गई। लगातार 27 साल से यहां शिव महिमा का गुणगान हो रहा है। सैंकड़ों श्रद्धालु हर रोज शिव प्रतिमा पर नमन करने आते है। आज स्थापना के 27 साल पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।




### पुरस्कार मिलने पर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

## महावीर ने हरियाणवियों को समर्पित किया पद्मश्री अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

पूरे विश्व में हरियाणवीं संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले सफीदों निवासी प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर गुड्डू को देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने उन्हे पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया। उनको यह पुरस्कार मिलने पर सफीदों क्षेत्र निवासियों व हरियाणवीं कला प्रेमियों में खुशी की लहर है। पदमश्री अवार्ड लेकर जैसे ही महावीर गुड्डू सफीदों स्थित निवास पहुंचे तों उनके यहां बधाई देने वालों का तांता लग गया। इस मौके पर हमारे संवाददाता से बातचीत में महावीर गुड्डू ने कहा कि यह अवार्ड उन्हे शंकर भगवान व मां सरस्वती की कृपा, परिवार व बुजुगारें के आशिर्वाद, हरियाणवीं संस्कृति से प्रेम करने वाले लोगों के प्यार की बदौलत प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार पाकर वे बेहद खुश है और उनकी 53 साल की कला के क्षेत्र में यात्रा का परिणाम है। वे अपनी खुशी का शब्दों में ब्यान नहीं कर सकते। वे यह पुरस्कार समस्त हरियाणा व हरियाणवियों को समर्पित करते हैं। इस पुरस्कार के लिए वे देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश की तात्कालीन मनोहर लाल सरकार व पुरस्कार चयन समिति का दिल से आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार को प्राप्त करते वक्त उन्हे एक विशेष अनुभूति महसूस हुई। जितने भी अवार्ड प्राप्त करने वाले लोग थे, वे सभी कहीं ना कहीं अपने-अपने क्षेत्र में विशेष स्थान को प्राप्त थे और चयन समिति ने सभी को उनकी योग्यता को ध्यान में रखकर ही सहीं रूप से अवार्ड के लिए नामित किया था। उन्होंने बताया कि पुरस्कार प्रदान करते वक्त राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उन्हे बधाई तो दी ही साथ ही साथ जब वे पुरस्कार लेकर लौट रहे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खड़े होकर बधाई दी और उनकी पीठ थपथपाई। महावीर गुड्डू कहते है कि पद्मश्री पुरस्कार ने उन्हे जमीन से हाथी पर बैठा दिया है। वे उपमंडल सफीदों के गांव गांगोली में एक सामान्य परिवार में जन्मे और शिक्षा-दीक्षा के बाद वे शिक्षा विभाग में प्राध्यापक बने।



सफीदों। लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री अवार्ड प्रदान करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।